## संक्षिप्त

### युवा वोलिन्टियर्स की कार्यशाला

**फागी, (निसं)।** फागी पंचायत समिति सभागार में गुरूवार को राजीव गांधी युवा वोलिन्टियर्स की कार्यषाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही चिरंजीवी पालनहार तथा वृद्धावस्था पेंशान योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी युवा मित्रों को देकर समाज में अन्तिम छोर के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए बताया साथ ही सभी युवा मित्रों को अपने क्षेत्र में घर घर जाकर योजनाओं की जानकारी देने के कहा गया। आयोजित कार्यषाला में फागी बी एस ओ विजयलक्ष्मी नाथावत दूदू बी एस ओ दिलिप रेषववाल फागी ब्लाक संयोजक मुकेष चौधरी मंजू षर्मा महेष टेलर कृशणकान्त षर्मा सहित काफी संख्या में फागी व माधोराजपुरा उपखण्ड के युवा मित्र मौजूद रहे।

### दो खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय चयन

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएसन के तत्वावधान में आयोजित अण्डर -14 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में टोंक की टीम का चयन हुआ है। क्रिकेट अकेडमी के कोचन शारीफ हुसैन ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में टोंक जिले के खिलाडी मनन पारीक व कुशाल कुरेशी का चयन हुआ है। दोनों खिलाडी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिले का नेतृत्व करेगें। जिसको लेकर मुख्य कोच इम्तियाज अली खान के सानिध्य में दोनों खिलाडियों को सम्मानित किया है।

### कनक दण्डवत यात्रा रवाना

**मनोहरपुर, (निसं)।** कनक दण्डवत यात्रा को पीपल बाले बालाजी मन्दिर से ध्वज पूजा करके रवाना किया गया। ग्रामीणों द्वारा जगह जगह पर यात्रियों का पुष्प बर्षा के साथ भव्य स्वागत कीया जारहा हैं, यह यात्रा शनिवार को सिद्ध बाबा के मन्दिर मे पहुचेगी जहा पर कनक दण्डवत यात्री नारियल व यात्रा के साथ लाए गए झंडे को सिद्ध बाबा के मन्दिर में चढायेंगे। इस मोके पर अशोक शर्मा बोबाडी विनोद शर्मा वार्ड पंच मंगल मीणा कुलदीप शर्मा मातादीन स्वामी बाबुलाल बाकोलिया सीताराम शर्मा राजेश शर्मा श्रीराम शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अनुराग शर्मा सह संयोजक मनोनीत

**निवाई, (निसं)।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. प्रवीण खण्डेलवाल के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा सहमति से विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक एडवोकेट मेघराज जाट ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए निवाई निवासी एडवोकेट अनुराग शर्मा व विनोद चौधरी को सह संयोजक एवं एडवोकेट रामअवतार शर्मा को संयोजक पद पर नियुक्त किया है।

### महाअभिषेक एवं हवन किया

**फागी, (निसं)।** कस्बे के दूदू रोड स्थित वीर तेजाजी मन्दिर में महाअभिषेक एवं हवन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भगवान कृशण सीताराम जी लक्ष्मीनारायण जी एवं षिव परिवार की प्रतिमाओं का 108 किलो दूध से महाअभिषेक किया जाकर हवन का आयोजन पं केषव गौत्तम एवं विद्वान पंडितों के सानिध्य एवं श्रवण घोडला में मुख्य यजमानत्व में समन्न हुआ।

# शुक्लावास के ग्रामीणों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत शुक्लावास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान की करीब 12 बीघा भूमि को कथित तौर पर भूमाफियाओं द्वारा खुर्द बुर्द किये जाने के प्रयास प्रकरण एक बार पुन: गहरा गया है।

घटनाक्रम में गुरूवार को ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू

- **राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शुक्लावास के खेल मैदान की भूमि को खुर्द-बुर्द किये जाने का मामला**



शुक्लावास में स्कूल के खेल मैदान में भू-माफियाओं द्वारा ताला लगाने के विरोध में ग्रामीण धरने पर बैठे।

कर दिया है। आपको बता दें कि प्रकरण में एसडीएम कोटपूतली न्यायालय ने मौका व रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाये रखने को लेकर स्थगन आदेश जारी किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम मीरापुर निवासी रामपाल व लीलाराम गुर्जर वगैरह ने खेल मैदान की भूमि को ताला लगाकर दादागिरी व गुण्डागर्दी से गाँव में भय का माहौल बना रखा है। उक्त लोग आये दिन ग्रामीणों को धमकी देते है। जिससे अशांति व भय का माहौल बना हुआ है। इसी के विरोध में ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर खेल मैदान की भूमि को कब्जेराज की धारा 145 की कार्यवाही पुरी ना होने तक धरना जारी रखने की बात कही।

वहीं पूर्व सरपंच ओमकार सिंह यादव ने बताया कि स्कूल के खेल मैदान की भूमि खसरा नम्बर 171 से 175 व 180 से 182 करीब 12 बीघा पक्की जमीन संवत् 2025 तक उक्त भूमि जमाबंदी खतौनी व गिरदावरी में स्कूल फिल्ड के नाम दर्ज चली आ रही थी। जिसके बाद राजस्व व सैटलमेंट विभाग से मिलीभगत कर उक्त सामलाती भूमि को स्व. रूड़मल वैध द्वारा अपने नाम करवा लिया गया। जिसे रूड़मल वैध की मृत्यु के बाद योगेश कुमार शर्मा, दिल्ली को बेचान किया गया।

वहीं बार-बार उक्त भूमि को खरीद फरोख्त कर खुर्द बुर्द करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम मीरापुर (द्वारिकपुरा) निवासी लीलाराम व खेमचन्द पुत्रान सोहन लाल, हरिराम, रामपाल व छाजुराम पुत्रान जग्गाराम गुर्जर द्वारा अपने नाम बेचाननामा करवाकर स्कूल फिल्ड में पील्लर व जाल लगाये गये है। इस दौरान धरने में संयोजक राधेश्याम शुक्लावास, सरपंच सचिन यादव, मालाराम यादव, जीएसएस अध्यक्ष दाताराम यादव, रंगलाल आर्य, रिछपाल, श्रीराम आर्य पंच, राहुल सोनी पंच, हवलदार मदन लाल यादव, दाताराम गुर्जर, जगमाल सिंह यादव, बिहारी ठेकेदार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांगल भीम में गुरुवार को मालीराम रैगर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमाधोपुर के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण , वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा, व्याख्याता मुकेश कुमार फलवारी ने बताया कि समारोह में जग्गूराम काजला ,बनवारी लाल शर्मा वार्ड पंच, मोहनलाल काजला ,हरफूलराम डेबाणा, पवन योगी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। शर्मा बताया कि भामाशाह संतोष शर्मा वार्ड पंच , हरफूल एवं प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा द्वारा 1-1 छत पंखा विद्यालय को भेंट किया गया ।वही जग्गू राम काजला ,रतन लाल डीजे, हरफूल सिंह काजला ने 1- 1 कुर्सी, नरेंद्र सैनी मेडिकल वाले, राम निवास रुडला, रामचंद्र सैनी दुकान वाले, धूड़ा राम मेडिकलवाले ने 11- 11 सो रुपए देकर विद्यालय को सहयोग किया व मोहनलाल काजला ने 31 सौ रुपए की लागत का गणित किट भेंट किया।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी । कार्यक्रम का संचालन मनोहर लाल सैनी ने किया। कार्यक्रम में कैलाश गवारिया, बनवारी लाल शर्मा वार्ड पंच सहित अनेकों ग्रामवासी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य शर्मा ने आए हुए अतिथियों व भामाशाओं का आभार प्रकट किया है।

## सार-समाचार

### भाजपा की संगठनात्मक मुद्दों पर बैठक



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक सुरानी बाजार स्थित मंदिर श्रीसीताराम जी के में आयोजित हुई। शहर मंडल अध्यक्ष कमल जैन ने बताया कि पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का जन्म दिवस शनिवार 4 मार्च को सालासर में मनाने व अन्य संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा कर सभी पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सालासर पहुंचने का आ ान किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हरि नारायण महंत,महामंत्री पवन सोलावाला, सत्यनारायण खांडल, रोशन लाल बिजारणियां, निरंजन कयाल, ओंकार सिंह राठौड़ ,बाबूलाल सैनी,रामौतार महरडा, भरत पेंटर, सीताराम महंत, सुनील पुरी ,किशन सोनी, सुरेश मतंग, जुगल चौधरी ,बाबूलाल शर्मा समेत पार्षदगण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित

**मंडावरी, (निसं)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मंडावरी में गुरुवार को एक दिवसीय एसएमसी एवं एसडीएमसी के सदस्यों की क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी सदस्यों ने भाग लिया इस अवसर पर दक्ष प्रशिक्षक रामबाबू ज्योति प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडा ठेकला एवं कमलेश गौतम उप प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महारिया ने सदस्यों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कर्तव्य एवं दायित्वों के विषय में अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान सहाय मीणा एसडीएमसी सचिव चंद्र प्रकाश शर्मा कृष्ण गोपाल धंधेल रामेश्वर प्रसाद मीना राजमोहन मीना गोपाल शर्मा एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। मास्टर ट्रेनर ने स्टार प्रोजेक्ट विधानसाधारण सभा शैक्षिक भौतिक क्षमता संवर्धन के बारे में जानकारी दी।

# फागोत्सव में महिलाओं ने जमकर नृत्य किया



निवाई में दिव्य महादेव मंदिर में आयोजित फागोत्सव में महिलाओं ने फूलों की होली खेली।

**निवाई, (निसं)।** कृष्णा कॉलोनी स्थित श्री दिव्य महादेव मंदिर में फागोत्सव का भव्य आयोजन हुआ।

मंदिर कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि कृष्णा सखी महिला मंडल के तत्वावधान में मंदिर प्रांगण में होली के उपलक्ष में फागोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें होली के विभिन्न गीत एवं श्री कृष्ण के भजनों की बहार रही जिसमें श्रद्धालु भाव विभोर हो कर नृत्य किया। सर्वप्रथम मंदिर अध्यक्ष रामराय शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष आशा जैन ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की ।

फागोत्सव में श्रद्धालुओं ने एक दूसरे के गुलाल लगाई। इस अवसर पर किशन लाल यादव, लल्लू नाटाणी, रामप्रसाद खंडेलवाल, अशोक पारीक, अनिल पारीक, मुरारी लाल पारीक, दिलीप सिंह शेखावत ,रामलाल शर्मा, बंटी शर्मा, भेरूलाल शर्मा, शिवजी, कैलाश सारसोप, सूर्यप्रकाश खंडेलवाल, अंशु पारीक, मधु गुप्ता, प्रियंका नाटाणी, तुलसा देवी खंडेलवाल, द्रौपदी नाटाणी, रेखा कविता शेखावत, ममता शर्मा आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**अलवर, (निसं) ।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र अलवर द्वारा आज मयूर होटल में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भूप्रबंध सह राजस्व अपील अधिकारी उम्मेदी लाल मीना और जिला परिषद की सीईओ रेखारानी व्यास ने नव उद्यमियों को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना की जानकारी प्रदान करते हुए योजना का लाभ उठाकर उद्यम प्रारम्भ करने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र अलवर के महाप्रबंधक एम.आर मीना ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बताया कि कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के उप क्षेत्रीय प्रबंधक वी एन शर्मा, आर एफ सी के शाखा प्रबंधक वी एन मिश्रा द्वारा आगंतुको को बैंकिंग गतिविधियों की जानकारी दी गई। रोजगार विभाग के सहायक निदेशक श्याम लाल साटोलिया ने बेरोजगार युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। अलवर चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के उपाध्यक्ष मनीष गोयल ने उपस्थित उद्यमियों को मेंटरिंग करने का आवश्वासन दिया।

# शांति समिति की बैठक आयोजित

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश कुमार एवं अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक लालचंद कायल द्वारा शांति समिति की बैठक ली गई।

- **होली के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने की अपील**

बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि अगर सभी प्रबुद्ध वर्ग खुद की नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करें एवं समझाइस का मार्ग अख्तियार करे तो हमेशा शांति व्यवस्था कायम रहेगी। पुलिस प्रशासनिक अधिकारी द्वारा आगामी होली के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने एवं भाईचारे का संदेश देने की भी अपील की गई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा मौजूद सभी सीएलजी सदस्य एवं बैठक में मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा गया कि अगर वे शहर में किसी भी अवांछित गतिविधियों को देखें एवं असामाजिक तत्व की मौजूदगी को देखें तो तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना दे ताकि होने वाली अवांछित गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। सीएलजी बैठक के दौरान जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों एवं आम लोगों के आवागमन के दौरान वहां व्याप्त अतिक्रमण को हटा कर रास्ता सुगम करने की मांग की गई। इस पर एएसपी लालचंद ने कहा कि नगर पालिका एवं स्थानीय प्रशासनिक प्रस्ताव लेकर भारी वाहनों के लिए नो एंट्री एवं वाहन जमा नहीं इसके लिए नो पार्किंग जोन बनाने के लिए कार्य कर समस्या समाधान का प्रयास करेंगे। बैठक के दौरान नगरपालिका चेयरमैन शिक्षामित्र अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी एसडीएम विजेंद्र कुमार मीणा तहसीलदार मदनलाल मीणा सीमा गुनावत थानाधिकारी नाथू लाल मीणा झापदा थाना अधिकारी रिछपाल सिंह विकास अधिकारी राजाराम मीणा आदि कई सीएलजी सदस्य वार्ड पार्षद जनप्रतिनिधि आम शहरवासी मौजूद रहे।


उत्तर पश्चिम रेलवे

शुद्धि-पत्र

संख्या : डबलू/118/निविदा/वमई(सम0)जयपुर/इन्जीनिरिंग दिनांक: 02.03.2023

इस कार्यालय द्वारा ज्ञापित खुली निविदा सूचना संख्या: डब्लु/118/1/निविदा/वमई (सम0) जयपुर/इन्जी. दिनांक 16.02.2023 में निविदा सं0 इंजी./जय/2022-23/159 जो दिनांक 10.03.2023 को खोली जानी थी । यह निविदा अपरिहार्य कारण से निरस्त की जाती है।

मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा), जयपुर

220-CQ/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# अभिभाषक संघ ने हनुमान चालीसा पाठ किया

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा अभिभाषक संघ द्वारा राज्य अभिभाषक संघ के प्रदेश व्यापी आव्हान पर अधिवक्ता प्रोटक्शन एक्ट को लागू करने की मांग को लेकर पिछले 11 दिन से पूरे राज्य में अधिवक्ता द्वारा किए जा रहे आंदोलन के चरण में गुरुवार को उनियारा अभिभाषक संघ द्वारा न्यायालय परिसर के बाहर धरना स्थल पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर अपना रोष व्याप्त किया।

- **अधिवक्ता प्रोटक्शन एक्ट को लागू करने की मांग को लेकर 11 दिन से वकीलों का आंदोलन जारी**

अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्थान में आए दिन वकीलों के साथ मारपीट की घटनाएं घटित होती रहती हैं इसको लेकर अभिभाषक संघ के पदाधिकारी वह वकीलों द्वारा अपने कार्यों का बहिष्कार किया जा रहा है। परंतु सरकार द्वारा अनदेखी के कारण अभी तक मांग पूरी नहीं हो सकी है जिस कारण वकील समुदाय में भारी रोष व्याप्त है। इस अवसर पर बाबूलाल कासलीवाल प्रेमचंद जैन बद्री लाल यादव दिनेश पारीक बरकतुल्लाह खान शकील अख्तर बेनी प्रसाद मीणा नमो नारायण गौतम हरीराज सिंह नरूका देवेंद्र सिंह हाडा ओम प्रकाश सैनी कमल कासलीवाल मुजम्मिल सारण मंसूर अहमद भीम सिंह गौड़ सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

### पैंथर ने बकरी का शिकार किया

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के अरावली पर्वत श्रृंखला में स्थित जयगढ़ किले की प्राचीन धार्मिक संपदा झंरझरी बाग वन क्षेत्र में पैंथर ने अपनी भूख मिटाने के लिए एक बकरी का शिकार कर दिया लेकिन बकरी के मालिक के जाग हो जाने के कारण वह अपने शिकार को छोड़कर चला गया। इस अरावली पर्वत श्रंखला में मानव की अवैध गतिविधिया बढ़ जाने के कारण एवं घने जंगलों की अवैध कटाई के कारण यहां पर वन्य प्राणियों की संख्या निरंतर घटती जा रही है इसका सबसे प्रमुख कारण अरावली पर्वत श्रृंखला की तलहटी में भवनों का अवैध निर्माण है जहां मानव इन के क्षेत्र में रहकर इन्हें हर तरीके नुकसान पहुंचाते रहते हैं अनेकों उदाहरण मानव द्वारा पैथरों की हत्या किए जाने के हैं। वन विभाग को इन अवैध भवन निर्माण को ध्वस्त कर वन्य प्राणियों की रक्षा करनी चाहिए।

# भाजपा महिला मोर्चा की बैठक आयोजित

**राजगढ़, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अलवर दक्षिण की संगठनात्मक बैठक राजगढ़ मंडल में आयोजित हुई ।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता सैनी की अध्यक्षता में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्रों पर दीप प्रज्वलित कर हुआ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बादाम देवी रही उन्होंने कहाँ की केंद्र की लोकप्रिय मोदी सरकार जनहित के कार्य कर रही है जन धन योजना, आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि योजना, गरीब कल्याण योजना, सहित आमजन को राहत पहुंचाने के लिए अनेकानेक योजनाएं धरातल पर लागू हुई है जिनसे उनके जीवन में परिवर्तन हुआ है। बैठक में आगामी 4 मार्च को विधानसभा घेराव में अलवर जिले से अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मीना खंडेलवाल, जिला महामंत्री प्रीति विजय, जिला मंत्री आरती बहुगुणा सोनाली शर्मा आई टी सेल मीना अरोड़ा एनजीओ राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम रंजना राजगढ़ महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष वंदना शर्मा, महामंत्री सुमन दीक्षित, पदमा गोयल, सीमा विजय, राजेश्वरी शर्मा, नीरज शर्मा, मीना विजय, किरण शर्मा, रितु विजय, पार्षद प्रीति शर्मा, सीता जोशी सहित अन्य महिला मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रही अंत में जिला अध्यक्ष सुनीता सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जेब तराश करने वाला गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर, (पियं)।** पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भीड़ भाड़ में जेब तराश करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने बताया कि नाथूसर निवासी राम सिंह राजपूत ने 11 सितंबर 2022 को रिपोर्ट दी थी कि 9 सितंबर को एक जन्मदिन के कार्यक्रम में हम अजीतगढ़ से श्रीमाधोपुर रैली में आ रहे थे। रैली में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने राम सिंह नाथूसर के 37 हजार रुपए, रामू सिंह मऊ के 17 हजार पांच सौ रुपए, कान सिंह जालपाली के 45 हजार पांच सौ रुपए, मऊ निवासी देवीलाल के 15 हजार रुपए व सूर्यपाल सिंह राठौड़ के 2 हजार रुपए जेब से पार कर लिए। पुलिस ने सीसीटीवी की फुटेज व आसूचना संकलन कर कच्ची बस्ती रणजीत नगर भरतपुर निवासी प्रदीप कोली बावरिया को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।


उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद संख्या : 33/22

विषय : उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र

प्रार्थी - नाम- आनन्द गुप्ता पुत्र प्रकाश भान गुप्ता

विवाद स्थान- 32/124, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर

मृतक- प्रकाश भान गुप्ता पुत्र- चन्द्रभान गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक 17.04,2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम- प्रकाश भान गुप्ता पुत्र चन्द भान गुप्ता, निवासी- 32/124, स्वर्णपथ, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकार स्वीकार कर उनके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिेशन प्रदान किया जावे।

अत: उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 17.04.2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 18.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

प्रार्थी ने मृतक प्रकाश भान गुप्ता के प्रार्थना पत्र में वर्णित शेयरों के सम्बंधन में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

मोहर

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद संख्या : 860/2023

विषय : उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र

प्रार्थी - नाम- हरीश कुमार लालवानी पुत्र- चुन्नी लाल लालवानी

विवाद स्थान- 805, अशोक चौक, आदर्श नगर, जवाहर नगर, जयपुर,

मृतक- ईश्वरी देवी लालवानी व चुन्नी लाल लालवानी की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक 24.03,2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम- ईश्वरी देवी पत्नि- चुन्नी लाल लालवानी एवं चुन्नी लाल पुत्र- श्यामलदास, निवासी- 805, अशोक चौक, आदर्श नगर, जवाहर नगर, जयपुर का उत्तराधिकार स्वीकार कर उनके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिेशन प्रदान किया जावे।

अत: उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04.03.2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 20.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

प्रार्थी ने मृतक चुन्नीलाल व ईश्वरी देवी लालवानी के प्रार्थना पत्र में वर्णित शेयरों के सम्बंधन में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

मोहर

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम


# नंदीकेश्वर का मेला पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

**सांभरझील, (निसं)।** यहां कई दशकों से धुलंडी के रोज निकलने वाली भगवान नंदीकेश्वर की सवारी लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

- **सांभर में कई दशकों से धुलंड़ी के दिन भगवान नंदीकेश्वर की सवारी निकलती है**

विगत कुछ वर्षों से मेले की प्रसिद्धि प्रदेश स्तर तक पहुंचने के कारण पर्यटकों का रुझान भी इस ओर बढ़ने लगा है। पर्यटन व कला संस्कृति विभाग की ओर से भी इसे प्रधानता दी गई है। मेले की भव्यता को लेकर इसके लिए खास इंतजाम भी किए गए हैं। सांभर में होने वाले तमाशे व नवमी को छोटे नंदकेश्वर की घेर के बाद यहां पर लोगों का उल्लास और दोगुना हो जाता है सांभर की सांस्कृतिक परंपरा का निर्वहन करते हुए यहां पर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन को देखने के लिए भारी जनसैलाब उमड़ता है।

होली का जुनून यहां पर लोगों के सर इस कदर चढ़कर बोलता है कि बाहर रहने वाले लोग चाहे अन्य किसी पर्व पर यहां आए या ना आए लेकिन होली व धुलंडी के पर्व पर कभी आना नहीं भूलते हैं। सैकडों साल पुरानी परम्परा के तहत धुलंडी के दिन ढोल व चंग की थाप पर लावणियां गाते हुए भगवान नन्दीकेश्वर की सवारी पूरे हर्षोल्लास के साथ निकाली जाती है। जानकारों का कहना है कि यह परम्परा चौहान शासक गोगराज के समय से प्रारंभ होने का प्रमाण जयपुर में स्थित म्यूज़ियम में धरोवर के रूप में रखी गई। हस्तलिखित पुस्तक चौहानो के राजवंश नामक पुस्तक में विस्तार से इसका वर्णन बताया गया है।

नन्दीकेश्वर का रूप धारण करने वाले नंगे पांव ही सांभर में भ्रमण करते हैं। भगवान नन्दीकेश्वर की सवारी छोटे बाजार से रवाना होकर कस्बे के सूर्यनारायण मन्दिर, छोटा बाजार, मालियों का चौक, किला, पीर का कुआ, हथाई, धानमण्डी, लम्बीगली, लालबाबा का अखाड़ा व हरदेव उस्ताद का अखाड़ा पर नन्दकेश्वर की सवारी के अलौकीक रूप के दर्शन तथा नृत्य देखकर जनसमूह अभिभूत हो जाता है।

मेले की वापसी में छोटे बाजार में मेला विसर्जन से पूर्व का माहौल मस्तीभरा होता है, सवारी के साथ हजारों लोग ढोल, मंजीरे, झांझरे, चंग बजाते तथा लावणियां गाते, नाचते, विचित्र वेशभूषा में गुलाल उड़ाते चलते हैं व अलग - अलग टोलियों में होली के गीत गाते हुए नाचते हुए मेला की शोभा बढ़ाते है।

सांभर नंदकेश्वर मेले में होते हैं अनेक कार्यक्रम : सांभर नंदकेश्वर मेले में रंग बिरंगे विभिन्न कार्यक्रम जिसमें भगवान नृसिंह व नीलकंठ महादेव की सवारी, छोटे नंदकेश्वेर की गैर, विभिन्न तमाशे, नटवा -नटवी लावणी संगम, फागोत्सव में फूलों की होली, विचित्र वेशभूषा में मनमोहक संजीव झांकियां, ढोल झांझीया दंगल प्रतियोगिता, फोटोग्राफी वीडियोग्राफी प्रतियोगिता, कलर शॉट, कलर ब्लास्टर, कलर स्मोक, कलर चकरी, फायर बैलून, रात्रि कालीन लाइटिंग और आतिशबाजी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ढोल और चंग की थाप पर भगवान नंदकेश्वर की सवारी, पुष्प वर्षा सहित विभिन्न रंग बिरंगे अद्भुत कार्यक्रम देशी विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

### होली सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील

**खैरथल, (निसं)।** होली के तीन दिवसीय पर्व पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने सीएलजी सदस्यों की बैठक की। जिसमें आमजन से पर्व सोहार्द पूर्ण मनाने की अपील की। थानाधिकारी अंकेश कुमार की अध्यक्षता में थाना परिसर में आयोजित बैठक में सीएलजी सदस्यों व सुरक्षा सखियों के साथ होली के अवसर पर सोहार्द पूर्ण वातावरण बनाए रखने पर चर्चा की गई। बैठक में सदस्यों द्वारा क्षेत्र में होली पर्व पर आपसी भाईचारे की भावना रहने की जानकारी दी। थानाधिकारी ने कि कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने में आमजन के सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि शरारती तत्वों से निपटने के लिए पुलिस तत्परता से कार्रवाई करेगी। बैठक में नगरपालिका के ईओ आशुतोष आचार्य, अभियंता मोतीलाल वर्मा,अजय सोनी, पंडित प्रहलाद छंगाणी,डाक्टर बीएस खालसा, रामचंद्र जाटव आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

# कलेक्टर राजपुरोहित ने जनसुनवाई की

**मनोहरपुर, (निसं)।** जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने गुरुवार को टोडी ग्राम पंचायत में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सभी कार्मिकों को जन सुनवाई कार्यक्रम को गंभीरता से लेकर निष्ठा पूर्वक कार्य करने की हिदायत दी।

जानकारी के अनुसार टोडी ग्राम पंचायत में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में सुबह 11 बजे जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित पहुंचे। जहा उन्होंने पंचायत में आयोजित जन संपर्क कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए की जन सुनवाई कार्यक्रम में अधिक से अधिक समस्या आए और उनको पोर्टल पर लेकर समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ आमजन को मिले इसके लिए जनता को जागरूक करने को कहा। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को अवगत करवाया की टोडी ग्राम पंचायत में आदिनाथ आटा मील फैक्ट्री में रोज सैकड़ों ओवरलोड ट्रक आने की वजह से मुख्य सड़क पूरी तरह क्षितग्रस्त हो रही है और लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करने पड़ रहा है। यहा सीमेंट रोड बनवाने की मांग रखी। इस पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र इस समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर टोडी ग्राम पंचायत के सरपंच ओमप्रकाश चौधरी ने पशु उप स्वास्थ्य केंद्र व उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए आरक्षित की गई 10- 10 एयर भूमि के ऊपर से गुजर रही 11हजार केवी बिजली की लाइन हटाने की मांग रखी। सरपंच ने बताया कि 11000 केवी बिजली की लाइन होने से पशु स्वास्थ्य केंद्र व स्वास्थ्य केंद्र का काम अटका हुआ है। इस दौरान शाहपुरा एसडीएम मनमोहन मीणा, तहसीलदार महेश ओला, ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा, पंचायत कर्मचारी मनीष शर्मा, देशराज यादव, ठेकेदार सुरेंद्र जाट आदि मौजूद थे।


उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद संख्या : 861/2023

विषय : उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र

प्रार्थी - नाम- दिनेश गुप्ता पुत्र- राधाकिशन गुप्ता एवं उमेश गुप्ता पुत्र- राधा किशन गुप्ता

विवाद स्थान- सी- 245, दयानन्द मार्ग, तिलक नगर, जयपुर,

मृतक- राधाकिशन की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक 24.03,2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम- राधा किशन गुप्ता पुत्र रंगदास चौधरी निवासी- सी- 245, दयानन्द मार्ग, तिलक नगर, जयपुर का उत्तराधिकार स्वीकार कर उनके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिेशन प्रदान किया जावे।

अत: उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 24.03.2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 20.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

प्रार्थी ने मृतक राधा किशन गुप्ता के प्रार्थना पत्र में वर्णित शेयरों के सम्बंधन में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

मोहर

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम